Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 23.11.2021 | अंक 63

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## हर क्षेत्र में लोगों का गुणात्मक विकास एवं सामाजिक क्षेत्र में लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना अपेम का उद्देश्य : डॉ. अनिल

## पांच दिसम्बर को उरवां में होगा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**




नवगठित चंदवारा अपेम टीम व पदाधिकारीगण

चंदवारा प्रखंड मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में चंदवारा प्रखंड के पत्रकारों की एक बैठक अपेम के अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ. अनिल कुमार मौजूद थे। इस दौरान अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने उपस्थित पत्रकारों को अपेम संस्था के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि अपेम पत्रकारों के हित के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अपेम को सांस्कृतिक, कृषि, शिक्षा सहित अन्य सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। वहीं अपेम के मुख्य सलाहकार डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि हर क्षेत्र में लोगों का गुणात्मक विकास एवं सामाजिक क्षेत्र में लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अपेम संस्था को गठित की गई है। बैठक के दौरान आगामी 5 दिसंबर को उरवां स्थित झील रेस्टोरेंट में चंदवारा प्रखंड के पत्रकारों के सम्मान में अपेम द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें जिले एवं प्रखंड के कई प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## बरसोत के कोयरी टोला में एवं तेली टोला में एक ही रात चार घरों चोरों ने की चोरी, नकदी एवं जेवरात ले उड़े

**अपेम लाइवः बरही**



बिखरा पडा समान

बरही प्रखंड़ अंतर्गत बरसोत पंचायत के कोयरी टोला एवं तेली टोला में अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर नकदी एवं जेवरात चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त सूचना के अनुसार कोयरी टोला में चोरी सुरेश साव, प्रभु ठाकुर एवं बेली माहतो के घर हुआ, वही तेली टोला में राजू साव के घर चोरी हुई। हालांकि बाजो साव के घर भी चोरों ने हाथ साफ करना चाहा लेकिन सफल नही हुए। प्रभु ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरे घर से रात में चोरों द्वारा 95 हजार नकद, दो कान की बाली जो लगभग 48,000 की थी, सुरेश साव पिता खेमलाल साव के घर से बक्सा तोड़कर पचास हजार नकदी, सोने की मंगलसूत्र, एक जोड़ी कान की बाली, कंगन और चांदी का पायल, एवं बच्चों का फूल का मठिया कुल मिलाकर एक लाख पच्चास हजार का लगभग चोरों ने चोरी कर ली है। राम किशुन माहतो पिता बेली माहतो ने बताया कि 10000 नकद एक जोड़ी चांदी का पायल, एक जोड़ी सोने की बाली कुल मिलाकर 35000 की चोरी की गई है। साथ ही तेली टोला निवासी सुकर साव पिता स्व बुधन साव ने कहा कि मेरे घर से नकदी 16000, एक जोड़ी बाली, ल०केट, नाक का नथिया एवं चांदी का सिकड़ी कुल मिलाकर साठ हजार की चोरी हुई है। सभी पीड़ित परिवारों ने बरही थाना में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

## झारखण्ड आंदोलन से उपजी पार्टी है आजसू पार्टी आम जनता का शोषण बर्दास्त नही : मनोज चंद्रा

### आजसू पार्टी ने मनोनीत किए पंचायत प्रभारी, संगठन विस्तार की मिली जिम्मेवारी



बैठक में शामिल आजसू पार्टी के कार्यकर्ता

**अपेम लाइवः बरही**



प्रखण्ड अध्यक्ष बिरेन्द्र कु0 साव

आजसू पार्टी का बरही एवं चौपारण प्रखंड इकाई की संयुक्त बैठक मंगलवार को आजसू कार्यालय बरही में हुई। बैठक की अध्यक्षता आजसू बरही विस प्रभारी राजसिंह चौहान व संचालन अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष संतोष रजवार ने किया। । बैठक में मुख्य रुप से हजारीबाग जिला प्रभारी सह आजसू के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में केंद्रीय सदस्य विजय वर्मा उपस्थित हुए। इस बैठक में आजसू पार्टी के संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया । संगठन मजबूती को लेकर बैठक में बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतो से प्रभारी मनोनीत किये गए। जिसमे बरही पूर्वी से बबलू कुमार दास, बरही पश्चिमी से पिंटू कुमार, रानीचुआं से बालेश्वर सिंह, बरसोत से महेंद्र चंद्रवंशी, करियातपुर से कैलाश रविदास, गौरियाकरमा से कयूम अंसारी, मलकोको से इस्माईल अंसारी, खोड़ाहार से शनि कुमार, पंचमाधव से राजू राणा, धनवार से कृष्णा महतो, रसोइयाधामना से सेराज अहमद एवं जुनैद अंसारी, केदारुत से विकास कुमार, बेन्दगी से नागेश्वर कुमार, दुलमाहा से गोपी कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज चंद्रा ने कहा की आजसू पार्टी झारखण्ड आंदोलन से उपजी पार्टी है। झारखण्ड राज्य अलग करने में आजसू पार्टी का अहम रोल रहा। लेकिन आज झारखण्ड की स्थिति ठीक नही है। चारो ओर भ्रष्टाचार का बोल बाला है। गरीबो का शोषण हो रहा है। जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। आजसू पार्टी ही झारखण्ड का विकास कर सकती है। आजसू बरही विधान सभा प्रभारी राज. सिंह ने कहा कि बरही में भी जल्द ही आजसू का भी परचम लाहरेगा। मौके पर जिला सचिव विष्णुधारी महतो, बरही प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार साव, जीतू ठाकुर, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष निर्मल कुमार, अनुसूचित जनजाति के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोनरा मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, ग्रामीणों को दी लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा एवं उनके पति वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली ने कोनरा पंचायत के गिलान टोला, पटना रोड़ एवं शादी मुहल्ला में अपने समर्थन के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया तथा आम लोगों की समस्या से अवगत हुए। साथ ही समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।साथ ही झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में लगने वाले कैम्प की जानकारी देते हुए आम लोगों के खेत खलिहान तक गए। झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहें। लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए 27 नवम्बर को एन एच डाक बंगला में पहुंच कर आवेदन करने के लिए जानकारी दी ताकि आम लोगों को सरकारी लाभ मिल सके। कोनरा पंचायत की भावी मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा ने जानकारी देते हुए कहां की झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे माहत्वकांक्षी लाभकारी योजनाए जैसे वृद्धा, पेशन लाभ योजना, सामाजिक सुरक्षा पेशन लाभ योजना, परिवारिक लाभ योजना, कान्यादान लाभ योजना, शुकन्या लाभ योजना, ग्रीन राशन कार्ड योजना, विभिन्न प्रकार के राशन कार्ड में छुटे हुए परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ना, कृषि ऋण माफी योजना, पशुधन धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण योजना, मजदुर कार्ड बनवाने , ई-श्रम कार्ड बनवाने एवं व्यसाय हेतू ऋण लेने आदि के लिए आवेदन कर सकते है।



डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हजारीबाग नगर निगम महापौर के सासू मां का अंतिम यात्रा में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**


अंतिम यात्रा मे शामिल बिनोद यादव व अन्य

बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत कुंडवा गांव के निवासी हजारीबाग नगर निगम महापौर रोशनी तिर्की के सासू मां 65 वर्षीय सधन देवी पति दिलीप एक्का (सेवानिवृत्त रेंजर) के अंतिम यात्रा में विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह जिला कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार यादव शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव ने मृतक के पैतृक आवास पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना व मृतात्मा की मोक्ष हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। बताते चलें की दिवंगत सधन देवी पिछले करीब 40 वर्षों से हजारीबाग रोड बरही महावीर स्थान के पीछे निजी आवास में अपने परिवार के सदस्यों के साथ रह रही थी बीते संध्या समय बरही आवास पर अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ने से दुखद देहांत हो गई। वे अपने पीछे तीन पुत्र दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र सुरेंद्र एक्का अपने पैतृक गांव स्थित श्मशान घाट पर दी। अत्यंत दुखद क्षण की घड़ी में मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, पूर्व मुखिया बिणा उरांव, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि एफसीआई अशोक सिंह, कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह, युवा कांग्रेस नेता मो. हम्मद सिराज, दिनेश पासवान, उमेश सोनी, प्रमोद कुमार मिस्त्री, अनुज सिंह, कृष्णा मेहता, मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, बबलू सिंह, विशेश्वर लिंडा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## थाम में आयोजित की गई आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**



कार्यकम मे शामिल अतिथिगण व लोग

प्रखंड के थाम पंचायत सचिवालय में सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचलाधिकारी रामरतन बरनवाल, उप प्रमुख संजय वर्णवाल, स्थानीय मुखिया पुष्पा देवी मौजूद थे। इस दौरान पेंशन, मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, ई–श्रम, पशुपालन, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली सहित सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए अलग–अलग स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों ने लाभुकों से आवेदन लिए। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदन सिन्हा, अंचल निरीक्षक दिनेश राम, मन. रेगा बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, मुखिया लालदेव साव, बद्री रजवार, राकेश सिन्हा, कनीय अभियंता विकास कुमार, वार्ड सदस्य कन्हाई यादव, विनय कुमार राणा, भोला कुमार पंडित, सविता देवी, सोनिया देवी, मालती देवी, बीएफटी प्रदीप सिंह, संतोष पासवान, हदीश अंसारी, राजदेव रजक, राजेन्द्र साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया बरही के दो जलाशयों में मत्स्य बीज का संचयन

**अपेम लाइव : बरही**


बीज संचयन करते विधायक उमाशंकर अकेला

मत्स्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए मछलियों के अंगुलिकाएँ को मंगलवार को जरहिया जलाशय, केवाल जलाशय में संचयन किया गयस। इस अवसर पर निवेदन समिति के सभापति झारखंड सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला अपने हाथों से मछलियों की अंगुलिकाएँ को जलाशयों में डाला। इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों व गांवों में लोगो के पलायन को रोका जा सकता है एवं उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सकता है। कार्यक्रम में विधायक उमाशंकर अकेला के साथ कांग्रेस जिला महासचिव सह विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, छद्दू गोप, विधायक प्रतिनिधि देवचंद यादव, मत्स्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि रंजीत निषाद, मत्स्य विभाग के पर्यवेक्षक राजकुमार तुरी, युवा नेता मनोहर यादव, पप्पू निषाद, अशोक निषाद, गणेश निषाद, कुंदन निषाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑल इंडिया गार्ड काउसिंल धनबाद मंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते हुए

**अपेम लाइव चलकुशा**
**बिकम सिंह**

ऑल इंडिया गार्ड काउंसलिंग के शिष्टमंडल ने विभिन्न मांगों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह कोड. रमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ऑल इंडिया गार्ड काउंसलिंग गोमो के सचिव प्रमोद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राम लखन यादव, सहायक सचिव भुनेश्वर दसौंधि, संगठित सचिव सतीश यादव, केपी सिंह के द्वारा सौंपा गया।सौपे गये ज्ञापन में भारतीय रेलवे में गार्डो के ग्रेड पे 4200 रुपये से शुरू करने, पुरानी पेंशन लागू करने, वर्दी भत्ता के रूप में प्रत्येक वर्ष 15000 रूपया देने, भारतीय रेलवे में गार्डो की रिक्तियां को जल्द भरने,गार्डो का लाइन ब०क्स यथास्थिति बने रहने सहित अन्य मांगे शामिल हैं।इधर गार्डो के मांगो पर सांसद अन्नपूर्णा देवी हल करने का आश्वासन दिया है।

## समाजसेविका कुंती देवी ने मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया राशन

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**




समाजसेविका कुंती देवी ने वीर कुंवर सिंह पथ निवासी स्व दिलीप मालाकार के ब्रह्मभोज कार्यक्रम के लिए एक बोरा चावल, एक बोरा आटा, दस किलो मूंग दाल ,मृतक के परिजनों को सौंपा। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। ज्ञात जो कि दिलीप मालाकार दिव्यांग थे। उनका निधन कुछ दिन पहले ही हो गया था। उनकी माली हालत ठीक नही है। इसी वजह से समाजसेविका कुंती देवी, समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने नकद राशि के साथ अनाज भी उपलब्ध कराया। मोके पर रंजीत ठाकुर, रामचंद्र मालाकार, कृष्णा मालाकार, रेखा देवी, शंकर मालाकार एवं आस पास के अन्य लोग मौजूद




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# भाकपा जिला परिषद कोडरमा ने कोडरमा समाहरणालय के समक्ष दिया एक दिवसीय धरना

## समय पर पंचायत चुनाव न कराना राज्य सरकार की नाकामी : महादेव राम

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

भाकपा जिला परिषद कोडरमा के द्वारा कोडरमा समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के पूर्व कोड. रमा थाना निकट से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकालकर अपनी मांगों को सवाल को लेकर नारा लगाते हुए जिला समाहरणालय पहुंचा। जहां धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह तक पंचायत चुनाव करा लेने, मनरेगा योजना में सामग्री का पैसा भुगतान करने, चंदवारा प्रखंड के अंतर्गत कांटी एवं मझगावां के बीच स्थित गोखाने नदी एवं पोकडंडा एवं जमकटी के बीच दूधी नदी में डीपीआर तैयार कर पुल का टेंडर करने, कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत लरियाडीह पंचायत को पंचायत चुनाव आरक्षण कोटा में सामान्य करने, चंदवारा के अतिरिक्त पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तब्दील करने, कृषि कार्य हेतु किसानों को किरासन तेल देने, गैरमजरूआ जमीन का रसीद निर्गत करने, जयनगर प्रखंड में अंचलाधिकारी का पदस्थापन करने आदि सवालों को लेकर धरना दिया गया। धरना के दौरान युवा नेता पुरुषोत्तम यादव की अध्यक्षता में सभा की गई। अपने अध्यक्षीय भाषण में पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि झारखंड में पंचायत चुनाव आवश्यक है इसे टालना दुर्भाग्य होगा। धरना को



कोडरमा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते सीपीआई के सदस्यगण

संबोधित करते हुए महादेव राम ने कहा कि लोकतंत्र में प्रति. निधि 5 वर्ष के लिए ही चुने जाते हैं। 5 वर्ष से अधिक कोई प्रतिनिधि अगर काम करता है या अपने पद पर बने रहता है तो यह लोकतंत्र का दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि 2015 दिसंबर में पंचायत चुनाव हुआ था, कार्यकाल के अनुसार दिसंबर 2020 तक पंचायत चुनाव करा लेना था। लेकिन दुर्भाग्यवश कोरोनावायरस का बहाना बनाकर पंचायत चुनाव टाला गया एवं छह माह का विस्तार किया गया। सिर्फ इतना ही नहीं जून 2021 में पुनः 6 माह का विस्तार किया गया। यह लोकतंत्र की हत्या है। पंचायत चुनाव की सारी तैयारी हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर लिया है। इसके बावजूद भी पंचायत चुनाव टालना लोकतंत्र के गला घुटने के समान है। धरना को संबो. धित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में पंचायत चुनाव की सारी तैयारी हो गई थी। मतदाता का बिखंडीकरन हो चुका था इसके बावजूद भी पंचायत चुनाव टालना जिले का दुर्भाग्य है। जिन उम्मीदवारों ने अपना प्रचार शुरू कर दिया था गांव में लोगों से मिल रहे थे। इसके बावजूद भी चुनाव नहीं होने से उन उम्मीदवारों के आशा पर पानी फिर गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संघर्ष पर विश्वास करती है अगर चुनाव दिसंबर के अंत तक कराया नहीं गया तो पार्टी जन आंदोलन तीव्र करेगी। उन्होंने कहा कि संघर्ष के सामने किसी का नहीं चलता है। किसानों के आंदोलन के सामने जिन्होंने 1 साल तक लगातार आंदोलन किया आंदोलन को कुचलने के लिए मोदी सरकार एक से एक उपाय लगाया फिर भी किसान डटे रहे। किसानों के आंदोलन के समक्ष मोदी को झुकना पड़ा। इसी तरह झारखंड में पार्टी चुनाव को लेकर जन आंदोलन करेगी सरकार को झुकना होगा। धरना को संबोधित करते हुए महिला नेत्री सोनिया देवी ने कहीं की किसान आंदोलन देश के लोगों को आंदोलन करने का प्रेरणा दिया है। इससे अब जन समस्याओं के लेकर लोग आंदोलन करेंगे। जन समस्याओं का आंदोलन में उर्जा रहेगा। क्योंकि किसान आंदोलन ने लोगों को प्रेरित किया है। धरना को संबोधित करते हुए प्रमुख विरेंद्र यादव कहा की पंचायत चुनाव कराना झारखंड के आवाम का मांग है। अगर पंचायत चुनाव सरकार नहीं कराती है तो राज्य सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के खिलाफ आक्रोश बढ़ेगा। धरना को अंचल मंत्री अर्जुन यादव, काली सिंह, समीम खान उर्फ बुलबुल खान, रामेश्वर चौधरी, सहदेव चौधरी, रामेश्वर यादव, बसमतिया देवी, बलवा देवी, गीता देवी, सिकंदर कुमार ने भी संबोधित किया। धरना के पश्चात 9 सूत्री मांग पत्र कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन को सौंपा गया। इस दौरान सभी बिंदुओं पर संतोषजनक आश्वासन मिला। धरना में चुरामन दास, ब्रह्मदेव दास, गौतम दास, भुनेश्वर राणा, कैलाश रजक, कामेश्वर पंडित, धनपत यादव, ब्रह्मदेव राणा, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, मनोज रविदास, सरयू दास, कामेश्वर राणा, हरि पा. सवान, भोला पासवान, शांति देवी, सुदामा देवी, रेखा देवी, किरण देवी, सुमित्रा देवी, मसोमात लक्ष्मी, गिरिजा देवी, सरस्वती देवी आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन समीम खान उर्फ बुलबुल खान ने किया।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---24.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---पंचमी तिथि
दिन :---बुधवार
नक्षत्र :---पुनर्वसु दिन 01:51 मिनट तक उपरांत पुष्य नक्षत्र
योग :---शुक्ल
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:41
सूर्यास्त : संध्या 05:19
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में प्रातः 08:18 तक उपरांत कर्क राशि में
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिनः---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज शिवलिंग के ऊपर दुग्धाभिषेक करने से विद्यार्थियों को गणित से संबंधित समस्याओं से मुक्ति मिलती है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# चलकुशा के सलैयडीह में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार पंचायत स्तरीय शिविर आयोजन

**अपेम लाइव चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**

झारखंड सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलकुशा प्रखंड के सलैयडीह पंचायत भवन प्रांगण में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, शर्म नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत सिन्हा ,प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर सलैयडीह प्रधान रेणु देवी ने संयुक्त रुप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर शुभारंभ किया.इस शिविर में बाल विकास परियोजना पदा. धिकारी नीलू रानी महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी के द्वारा खैरुन निशा पति अब्दुल लतीफ दुमदूमा निवासी को व्हीलचेयर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीडीपीओ ने मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस शिविर में प्रखंड, अंचल ,शिक्षा, बैंकिंग, जन वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा ,पशुपालन, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोविड-19 वैक्सीन लगाया गया। इस शिविर में 200 से अधिक आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह शिक्षा पदाधिकारी अशोक पाल आपूर्ति प्रखंड पदाधिकारी कारू राम ,बीपीओ असीम टोप्पो, अंचल निरीक्षक सत्येंद्र दास, एटीएम राजेश



कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण व लोग

कुमार, गणेश प्रजापति, महेश कुमार ,जेई विकास कुमार दास, शमशाद आलम, पूरन राम सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह , पंचायत समिति पंचायत क्लस्टर हेड अनीता गुप्ता, शुम्मा कुमारी, बिना यादव, प्रमिला देवी ,चमेली देवी, रेनू देवी, रूबी देवी इत्यादि लोग शामिल थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




**RAINBOW SCHOOL BARHI**

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**



- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum






इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ग्रामीण बैंक बड़कागांव शाखा के प्रबंधक ने किसानों से योजना का लाभ उठाने की अपील की

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


जितेंद्र यादव

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बड़कागांव शाखा के शाखा प्रबंधक जितेंद्र यादव ने सिदवारी पंचायत ,डाडी कला पंचायत, और चेपा कला पंचायत, के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाताधारकों से आग्रह किया है कि आप सरकार के योजना का लाभ लें इसके लिए जो कृषक केसीसी ऋण लिए हैं वो और जिनको केसीसी सरकार द्वारा माफी का लाभ से वंचित रहे हैं। वह लोग अतिशीघ्र हमारे शाखा में आकर खाता को अप टू डेट (जमा निकासी ) करें एवं आधार कार्ड का छायाप्रति जमा करें। सरकार के द्वारा कृषि से संबंधित और विभिन्न तरह के योजनाओं का लाभ ले । ताकि कोई भी सरकारी योजनाओं से किसान लाभ लेने से वंचित नही रहें ।शाखा प्रन्धक जितेन्द्र यादव ने कहा कि जो किसान झब्ब को सुचारू रूप से चला रहे हैं उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा । इसके अलावा हमारे शाखा में सभी तरह के बीमा हो रहा है कृपया जरूर कराये ।

## बड़कागांव सेंट्रल पब्लिक स्कूल ने 22 वां स्थापना दिवस मनाया

### शिक्षकों का बच्चों की प्रतिभा को निखारने की पहली प्राथमिकता : विनोद सिन्हा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


कार्यक्रम में शामिल लोग

ठाकुर मोहल्ला स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में 22 वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य रूबी वर्मा एवं संचालन गायत्री सिन्हा ने किया। स्थापना दिवस मौके पर बच्चों के बीच विभिन्न तरह खेल प्रतियोगिता कराया गया। कबड्डी ,म्यूजिकल चेयर, रस्सी दौड़ कराया गया । तत्पश्चात बच्चों के बीच जलपान कराई गई। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आज बुधवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मोहित कुमार, वीरू सिन्हा, अनुराग कुमार, सोनी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, अनुरागिनी कुमारी, शिवम कुमार, राज कुमार, सुमित विश्वकर्मा, रोशन विश्वकर्मा, पिंटू कुमार समेत अन्य बच्चों ने खेल में बेहतर प्रदर्शन किया। प्रबंधक विनोद सिन्हा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की हमारी प्राथमिकता है हम चाहते हैं कि हमारे विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाएं ताकि। मौके पर शिक्षक अशोक कुमार अमित, मो अकबर, मो आलम, विशाल सिन्हा, शिक्षिका नीतू कुमारी, संगीता कुमारी, निक्की कुमारी ने मुख्य भूमिका निभाई .स्थापना दिवस के मौके पर ग्रामीण भी उप. स्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई समस्याओं का हुआ निपटारा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


करगालो में आयोजित जनता दरबार का उद्घाटन करते अतिथि

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के करगालो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ रामबालक कुमार, मध्य जिप सदस्य यशोदा देवी, प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, मुखिया सावित्री देवी, बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, मांडू विधायक प्रति. निधि गुरू प्रसाद साव, पंसस रंभा देवी समेत कई लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में राजस्व विभाग, आंगनबाड़ी, स्कूली शिक्षा, बिजली वितरण, मन. रेगा, पेंशन, स्वास्थ्य, मत्स्य, कल्याण, कृषि एवं पशुपालन विभाग समेत कई विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टल के माध्यम से संबंधित विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई गई। इसके लिए स्ट०ल में विभाग के कर्मी प्रतिनियुक्त थे। स्ट०ल में पहुंचे लोगों की समस्याओं को संबंधित कर्मियों ने सुना और उसके निष्पादन का प्रयास किया। कई मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया तो कई मामलों को शीघ्र निपट. ाने का आश्वासन दिया गया। समस्याओं के बाबत कई आवेदन प्राप्त किए गए। बीडीओ संजय कोंगारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके द्वार पहुंचकर समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। लोग इसका लाभ लें। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार की यह अच्छी योजना है। इससे आम लोगों को काफी सुविधा होगी। मौके पर ड० अरूण कुमार सिंह, नाजिर विजय प्रसाद, एमओ आलोक कुमार, बीपीओ राजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## बिरनी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय का किया गया उद्घघाटन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**


कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड मुख्यालय के समीप में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यालय का उद्घाटन किया गया उद्घघाटनमें बिरनी प्रखंड क्षेत्र से लगभग सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें मुख्य अतिथि संजय सिंह अपने हाथों से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ मे जिला के कई पदाधिक. ारियों की उपस्थिति रही जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा गया की लोगो के जन समस्याओं के मुद्दों को लेकर पार्टी का बिरनी प्रखंड में कार्यालय नहीं था। जिसे मंगलवार विधिवत उद्घाटन किया गया। ताकि गरीब गुरबो जन समस्याओं को सुनकर समाधान किया जा सके। अभी हमारे सरकार द्वारा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जन जन तक पहुं. चने का प्रयास किया जा रहा है। तत्काल जो समस्या समाधान हो सकती है उसे किया जा रहा है जो भी समस्याएं बची होगी उसे तत्काल हम लोग प्रखंड में रहकर समस्याओं को समाधान कराएंगे। साथ ही दर्जनों लोगो ने मंगलवार इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पार्टियों को छोड़कर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का थमा दामन कार्यकर्ता को माला पहनाकर पार्टी ने किया स्वागात और कहा कि अपेक्षा करता हूं हमारी पार्टी की लोकप्रियता बढ़ी है।आगे आने वाले दिनों में और कार्यकर्ता जुड़ने का सिल. सिला जारी रहेगा। मुख्य रूप से बिरनी प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी गौरव कुमार असगर अंसारी अर्जुन कुमार मंडल राजू अंसारी कृष्ण मुरारी प्रसाद फागु माझी महबूब अंसारी द्वारिका मंडल मनोहर मंडल मुस्लिम अंसारी अमरुल अंसारी समीम अंसारी इज्रेल अंसारी इब्राहिम अंसारी अकबाल अंसारी करू यादव मुमताज अंसारी आर्यन कुमार यादव कैलाश यादव साथ ही कई महिला पुरुष उप. स्थित रहे।

## बिजली कर्मी को करंट लगने से घायल

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**


घायल बिजली कर्मी

बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम हरिजन टोला के रीतलाल तुरी एवं तालेश्वर तुरी को लगा बिजली करेंट से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि कुछ तकनीकी खराबी को सुधारने गए थे। इसी बिरनी उपस्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। गया डॉक्टर ताजुद्दीन ने कहा कि इस्थिति खतरे से बाहर है। इंकलाबी ना. ैजवान सभा के जिला कमिटी सदस्य माले नेता विक्रम आंनद र०य ने कहा की विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही बिजली के तार (जर्जर इस्थिति) से पेशम में बार बार बड़ी घटना होती रही है। अगर विभाग मामले को गंभीरता से नहीं लेती है। तो यहाँ के लोग बड़ा आंदोलन करने को विवश होगी।

## जमुनियां डैम के आसपास से हटाया जाएगा अवैध अतिक्रमण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


जमुनियां डैम के पास अवैध अतिक्रमण की जांच करते अपर समाहता

प्रखंड के जमुनियां डैम के आसपास की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। विष्णुगढ़ अंचल प्रशासन इन दिनों सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को लेकर काफी सख्त है। एक शिकायत पर जांच को लेकर अपर समाहर्ता राकेश रोशन मंगलवार को जमुनियां डैम के आसपास की भूमि पर अवैध तरीके से किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर निरीक्षण किया। जांच टीम में सीओ रामबालक कुमार, बीडीओ संजय कोंगारी, इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार, अमीन, राजस्व कर्मचारी आदि शामिल थे। टीम ने जांच में पाया कि कुसुंभा पंचायत अंतर्गत बाबूडीह मौजा के खाता संख्या 46, प्लॉट संख्या 5, कुल रकवा 36 एकड़ तथा खाता संख्या 13, प्लॉट संख्या 3, कुल रकवा 20 एकड़ की भूमि की प्रकृति वनक्षेत्र है। इस वन भूमि पर दर्जनों अतिक्रमणकारियों ने अवैध तरीके से दुकान, होटल, मकान आदि बना रखे हैं। वहीं, कई जगहों पर अवैध निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। विष्णुगढ़ सीओ रामबालक कुमार ने बताया कि अपर समाहर्ता द्वारा जांच किए जाने के बाद उक्त सभी वन भूमि की सर्वप्रथम मापी करवाई जाएगी। मापी के पश्चात अतिक्रमणकारियों को स्वैि. च्छक रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने का नो. टिस दिया जाएगा। स्वैि. च्छक रूप अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए अवैध निर्माण को बलपूर्वक हटा दिया जाएगा। इसका सारा खर्च पर अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। सीओ ने कहा कि जीएम लैंड, वन भूमि समेत अन्य सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना गैर कानूनी है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## आपकी सरकार आपके द्वार के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


कार्यक्रम में शामिल लोग

झारखंड सरकार महत्वकांक्षी योजना आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार के तहत चुरचू प्रखंड के आंगो पंचायत भवन परिसर में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जंहा आयोजित पंचायत के कई समस्याओं पर पंचायत स्तरीय निष्पादन व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लाभ हर जरूरतमंद लोग तक इसका लाभ कैसे पहुँचाया जाय जा सके साथ ही केसीसी कृषि विभाग पशुपालन विभाग मत्स्य विभाग पीएम जीवन ज्योति योजना पीएम जीवन सुरक्षा योजना कोरोनावायरस इन श्रम कार्ड ईसराम कार्ड दाखिल 3जी विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन सहित कई विभाग के स्ट०ल लगाया गया इस शिविर कैंप के माध्यम से जनता के समस्याओं का निष्पादन कैसे हो इस पर मंथ अधिकारी ने लोगों को बताया गया कार्यक्रम का विधिवत रूप से जीप सदस्य अग्नेशिय साण्डी पूर्ति ने दीप जलाकर उद्धघाटन किया गया व संयुक्त रुप से प्रखंड पदा. धिकारी इंदर कुमार। क्या हुआ संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि। सभी लोगो को सरकारी योजनाओं के बारे में बतायावहीं आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समाज के सभी लोगों तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का हर एक जरूरतमंद ला. ेगों तक पहुंचाना है ताकि समाज के सभी युवा समुदाय के लोग तक सरकारी योजना का लाभ मिल सके इसके अलावा रेलवे संबंधित सभी विभाग के अधिकारी व विस्तृत जानकारी देने का काम किया गया इस शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार शर्मा जिला परिषद सदस्य अगले संडे फुर्ती पंचायत समिति सदस्य गीता देवी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम सेविका का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुरारी आंगो पंचायत मुखिया मीना देवी किसी पदाधिकारी काशीनाथ गुप्ता बीपीओ प्रणव सिन्हा अंचल बद्रीराम संजय उपाध्याय संजीव कुजूर संख्या की उत्तराधिकारी त्रिदेव कुमार ब्लॉक कर्मी अनूप कुमार पंचायत सचिव चिंतामणि राम रंजीत मरांडी सहित कई ग्रामीण उपस्थित हुए।

## बिरनी में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा किया गया कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**


कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी पंचायत सचिवालय में आपके अधिकार , आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत जन समस्यों का निष्पादन हेतु एक दिवसयी शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्धघाटन बिरनी प्रखण्ड़ विकास पदाधिकारी सुनिल बर्मा और मुखिया सह प्रधान मीना देवी ने संयुक्त रूप से ग०धी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया! इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे बिरनी थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह, पसस सुकदेव राम, पंचायत सचिव राजकुमार पासवान, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश साव प्रखण्ड़ के सभी विभाग के कर्मीगण,अंचल के सभी कर्मीगण,चिकित्सा विभाग के कर्मीगण, श्रेस्ै के कर्मीगण, सभी वा. ईसदस्य एंव कई गणमान्य समाजिक कार्यकर्ता गण!इस शिविर में काफी संख्या में महिला और पुरूष दोनों वर्गो का जनसैलाब उमड़ पड़ा लोगों में काफी उत्साह देखा गया!इस शिविर में राशन कार्ड, आवास,मनरेगा ज०ब कार्ड, वृद्धा और विधवा पेंशन,जमीन का दाखिल खारीज,एल. पी.सी.,पशु शेड़,कृषि से संबंधित, पेय जल से संबंधित आदि लगभग दो सौ से अधिक आवेदन शिविर में प्राप्त हुए! कुछ का निष्पादन साथ- साथ किया गया तथा कुछ आवेदन को सं. बंधित आधिकारियों के पास आगे की कार्यवाही के लिए निबंधित करके जमा करवाया गया, प्रखण्ड़ विकास पदाधिकारी ने बताएँ कि जनता के द्वारा जो भी जनसमस्याएँ आ रही है प्रतिदिन उन समस्याओं को सरकार के पोर्टल में इंन्ट्री करवा कर सरकार को अवगत करवा रहे हैं , जिस प्रकार से वरीय पदाधिकारियों का निर्देश आयेगा उस प्रकार हमलोग जन समस्याओं का निष्पादन करेगें ।

## पोक्सो एक्ट मामले में एक गिरफ्तार जेल भेजा गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

पुलिस ने पोस्को एक्ट मामले में बादम निवासी सोनू कुमार पिता विजय रजक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में बड़कागांव थाना में कांड संख्या 277 / 21 आई. पीसी की धारा 363, 366, 334 ए भादवि के तहत मामला दर्ज की गई है। पीड़िता के अभिभावक के द्वारा बड़कागांव थाने में आवेदन दिया गया था।जिस पर बड़कागांव पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।







Our Partners

ICICI Lombard General Insurance | TATA AIG Insurance | Liberty General Insurance | HDFC ERGO | Future Generali Total Insurance Solutions | digit | care Health Insurance | Royal Sundaram General Insurance | Oriental Insurance | New India Assurance | Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

